खाटू की होली कमाल | By Abhijeet Kohar

फागण में उड़ती गुलाल बाबा, गुलाल बाबा
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा
श्याम बिहारी मेरे श्याम बिहारी
अपने ही रंग में रंग दे मुरारी
बजती धपो पे धमाल बाबा, धमाल बाबा
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा
फागण में उड़ती गुलाल बाबा,
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा

पायल बजे कहीं घुँघरू बजे
गाते हैं रसिया मेरे सांवरा
खाटू में तेरी झांकी सजे
रंग रसिया मुरारी मेरे सांवरा
नाचेंगे हम भी नौ नौ ताल बाबा, नौ नौ ताल बाबा
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा
फागण में उड़ती गुलाल बाबा,
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा

ग्यारस तो महीने में दो बार आती
फागण की ग्यारस रंगीली लगे
बाबा के रंग में रंगी है ये ग्यारस
ग्यारस को भक्तों की किस्मत जगे
लागे फ़ागुन का मेला विशाल बाबा, विशाल बाबा
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा
फागण में उड़ती गुलाल बाबा,
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा

राजेंद्र आया खाटू में तेरे
रंगते रंगीले बिहारी मेरे
छम छम मैं नाचू होके दीवाना
मुरली बजाते मुरारी मेरे
मेरा भी रखना ख़याल बाबा, ख्याल बाबा
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा
फागण में उड़ती गुलाल बाबा,
तेरे खाटू की होली कमाल बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-abhijeet-kohar/